# नशे की खेप लेकर जा रहे बाइक सवार तस्कर धरे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** नशे की खेप लेकर जा रहे बाइक सवार तस्करों को चीनोर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए धरदबोचा, जिनके कब्जे से करीब 1.30 लाख रुपए की

**आरोपियों के से 1.30 लाख की स्मैक जब्त**

स्मैक बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली





थी, कि चीनोर थाना क्षेत्रांतर्गत डबरा रोड पर स्थित भागीरथ की पुलिया से बाइक सवार दो तस्कर नशे की खेप लेकर निकलने वाले हैं। उक्त जानकारी जब एएसपी निरंजन शर्मा को लगी, तो उन्होंने भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाईच व चीनोर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में थाने की टीम को तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचाया, जिसने वहां पॉइंट लगाकर वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

**चेकिंग देख किया बाइक मोड़कर भागने का प्रयास-** वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर चीनोर थाने की टीम द्वारा देर रात भागीरथ की पुलिया पर जब वाहन चेकिंग की जा रही थी, उसी दौरान वहां बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो संदिग्ध युवकों ने चेकिंग देखते ही बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस टीम को शंका हो गई और वह उनके पीछे लग गई। जिन्हें कुछ दूरी पर घेराबंदी कर दबोच लिया गया, जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से करीब 1.30 लाख रुपए कीमत की 13.05 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों को थाने

लाकर की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रामनिवास पुत्र रामजीलाल रावत रिंकू पुत्र शिवदयाल बघेल निवासीगण ग्राम स्याऊ थाना करहिया बताया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए तस्करों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है, कि वह यह स्मैक कहां से लेकर आए थे तथा किन लोगों के बीच उसे खपाने वाले थे।

**इनका कहना है**

नशे की खेप लेकर जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 13.05 ग्राम स्मैक एवं बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**शैलेंद्र सिंह गुर्जर**
**थाना प्रभारी, चीनोर**

# बेटी की शादी से मां का पर्स चोरी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** स्टेज पर फोटो खिंचाने पहुंची दुल्हन की मां का नकदी व गहनों से भरा पर्स अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के गुलमोहर गार्डन भिण्ड रोड की है। घटना का पता उस समय चला जब फोटो खिंचाने के बाद महिला वापस लौटी और पर्स तलाशा तो पता चला कि पर्स गायब है। इसका पता चलते ही हंगामा हो गया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डीडी नगर निवासी साधना शर्मा पत्नी नारायण प्रसाद बरूआ की बेटी पूर्णिमा शर्मा का विवाह 21 अप्रैल को थाना क्षेत्र के गुलमोहर गार्डन में आयोजित हो रहा था। विवाह में नेग वगैराह देने के लिए जेवर व एक लाख रुपए उनके पर्स में रखे थे और जो लोग व्यवहार कर रहे थे उनके लिफाफे भी उनके पास रखे हुए थे। चेयर पर रखा तो फिर मिला ही नहीं

रात करीब साढ़े बारह बजे के करीब उनके कुछ करीबी लोग स्टेज पर वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे थे तो वह उनके साथ फोटो खिंचाने के लिए स्टेज पर जाने से पहले अपना पर्स चेयर पर रख कर चली गई थीं। कुछ देर बाद वह वापस आई तो उनका पर्स गायब था। मामले का पता चलते ही उन्होंने शोर मचाया, मामले का पता चलते ही अन्य लोग भी उनके पर्स की तलाश में निकले, लेकिन पर्स का पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौकेपर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

**सीसीटीवी में कैद वारदात-** पुलिस ने जब सीसीटीवी खंगाले तो वारदात को अंजाम देता हुआ चोर सीसीटीवी में कैद हुए है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में लगी हुई है।

**ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा मामा- भानजे गंभीर घायल**

महाराजपुरा थाना क्षेत्र में आगरा- झांसी हाईवे पर स्थित लाखा ढाबे के सामने तेज रफ्तार में आए ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 8229 के चालक ने लापरवाहीपूर्ण ढंग से वाहन चलाते हुए वहां से निकल रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 07 एबी 3936 में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि इससे ट्रैक्टर पलट गया और उसमें सवार सियराम व जयदीप ट्रैक्टर नीचे दबकर बुरी तरह से घायल हो गए। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आमजन की मदद से ट्रैक्टर के नीचे फंसे घायलों को निकलवाकर हॉस्पिटल पहुंचाया। घायल दोनों युवक रिश्ते में मामा- भानजे बताए गए हैं। वहीं पुलिस द्वारा मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा डबरा देहात थाना इलाके में हुआ, जिसमें पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाने के उपरांत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

ग्राम ईटायल निवासी सोवरन पुत्र मानसिंह जाटव विगत दोपहर बाइक पर सवार होकर डबरा देहात थाना क्षेत्रांतर्गत डबरा छीमक मार्ग से होकर गुजर रहा था, तभी वहां परमाल जाट अपने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 07 एबी 2282 को तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ आया, जिसने सोवरन की बाइक को चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर की टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने कुछ देर में तड़पते हुए मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर हादसे के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी : जयवर्धन सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** ग्वालियर पूर्व विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बृहद बैठक आज जी.वाय.एम.सी क्लब में

**विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में कांग्रेस की बृहद बैठक हुई**

विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक करीब 2 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुये। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने की। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह कुशवाह, 'संविधान बचाओ रैली' प्रभारी अवधेश कौरव, संगठन मंत्री ग्रामीण रवि चौहान, महाराज सिंह पटेल, मोहन महेश्वरी, राजेन्द्र नाती, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू परिहार, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हेवरन कंषाना, सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, आई.टी. सेल अध्यक्ष आदित्य सेंगर, एड. प्रेमसिंह भदौरिया, दुष्यंत साहनी, सतेन्द्र नागर, पार्षद




केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कठठ्ल आदि मंचासीन रहे।

बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुये कहा कि संविधान को बचाने के लिये 28 अप्रैल को ग्वालियर में महारानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल से 'संविधान बचाओं रैली' की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुझे ग्वालियर-चंबल संभाग के कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है कि 28 अप्रैल को शुरू होने वाली 'संविधान बचाओं रैली' ऐतिहासिक होगी, इस यात्रा में ग्वालियर-चम्बल संभाग से अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होगें। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने साथ 10 लोगों को कार्यक्रम स्थल पर लेकर आयेगा। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज की यह बैठक 28 अप्रैल को होने वाली 'संविधान बचाओं रैली' की तैयारिओं को लेकर है। और मैं इस मंच से जयवर्धन सिंह जी को विश्वास दिलाता हूँ कि 'संविधान बचाओं रैली' को सफल बनाने के लिये 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा का एक-एक कार्यकर्ता आज से ही दिन-रात एक कर देगा। उन्होंने कहा कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा से मेरी 5 हजार बहने रैली में पहुॅचेंगी। डॉ. सिकरवार ने कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुये कहा कि आज से ही एक-एक घर में जाये और 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे महारानी लक्ष्मीबाई समाधि पर पहुॅचनें के लिये जनता से अपील करे।

**आतंकवाद के खिलाफ पूतला फूंका**

बैठक के बाद पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वरिष्ठ नेताओं एवं हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ इंदरगंज चौराहा पर पहलगाम में हुये आतंकी हमले के खिलाफ आतंकवाद का पूतला फूंका और आतंकवाद की कडी निन्दा की गई

# मानव एकता दिवस - निष्काम सेवा का अनुपम संकल्प

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच ग्वालियर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस के रूप में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। ग्वालियर शहर के पुरानी छावनी रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में इस रक्त दान शिविर का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्वक किया गया जिसमे कई गणमान्य सदस्य व साधसंगत उपस्थित रहे।

इस दौरान संत निरंकारी मिशन से जुड़े 150 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता व विश्व बंधुत्व का परिचय दिया, रक्तदाताओं से पूछने पर बताया गया की पिछले कई वर्षो से संत निरंकारी मिशन में वह रक्तदान कर रहे है, और इसी तरह से प्रत्येक वर्ष की भांति पिछले वर्ष भी सितंबर 2024 में मानव कल्याण हेतु मिशन के सेवादारों द्वारा रक्तदान किया था।रक्तदाताओं द्वारा बताया गया कि रक्तदान करते हुए उन्हें संसार के प्रत्येक मानव से खून का रिश्ता महसूस होता है, उन्होंने बताया की रक्तदान करते हुए उन्हें बहुत सुकून और अच्छा महसूस हो रहा है।

इस दौरान रक्तदान संग्रहित करने हेतु रेड क्रॉस सोसायटी , त्रक्ष्ष्ट व जयारोग्य अस्पताल के डॉक्टर्स सदैव की तरह उपस्थित रहे। संत निरंकारी मिशन की ग्वालियर के संयोजक पवन कालरा ने बताया की सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है, यह रक्तदान शिविर मानवता की सेवा के लिए किया गया है।

उन्होंने बताया की मिशन के भक्तों के लिए रक्तदान पहले से ही जनकल्याण की सेवा का एक अभिन्न अंग रहा है। इस रक्तदान शिविर में अरविंद सक्सेना पुलिस आई.जी. ग्वालियर रेंज ने पहुंचकर सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और संत निरंकारी मिशन द्वारा किए गए कई सामाजिक उत्थान एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए और मिशन के सेवादारों की सच्ची समर्पित नि:स्वार्थ सेवा को देखते हुए संत निरंकारी मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा करी। इसके अतिरिक्त संयोजक पवन कालरा द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों सहित रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है।

युगदृष्टा बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य बोध के माध्यम से समाज को अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्त कर, नशा मुक्ति, सादा विवाह और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जोड़ने जैसे लोक-कल्याणकारी अभियानों की प्रेरक शुरुआत की।

संत निरंकारी हेल्थ सिटी की मेडिकल डाइरेक्टर गीतिका दुग्गल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान श्रृंखला में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, यह दिवस चाचा प्रताप सिंह सहित उन सभी समर्पित बलिदानी संतों की पुण्य स्मृति का प्रतीक है, जिन्होंने मानव एकता, नि:स्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक चेतना के मार्ग पर चलते हुए अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। मानव एकता दिवस उन्हीं संतों के दृढ़ विश्वास व संकल्प की प्रेरणा को जीवंत करता है।

इन रक्तदान शिविरों में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों जैसे एम्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, गुरु तेग बहादुर अस्पताल, सफदरजंग, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, हिन्दू राव अस्पताल इत्यादि की विशेषज्ञ टीमों ने भाग लिया। पूर्ण स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता का विशेष ध्यान और रक्तदाताओं के लिए उत्तम जलपान व्यवस्था ने इस सेवा को और भी व्यवस्थित एवं सम्मानजनक बनाया। यह जानकरी मीडिया सहायक दीपेश भिरयानी ने दी।

# कारीगर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा कारीगर घर के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। सिरोल थाना इलाके में घटित उक्त हादसे में पुलिस द्वारा मकान मालिक को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। सिरोल थाना क्षेत्रांतर्गत हुरावली सी ब्लॉक में राकेश यादव के मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें बजरिया थाटीपुर निवासी राकेश पुत्र रामेश्वर दयाल जाटव कारीगर के तौर पर काम कर रहा था, जिसे काम करने के दौरान घर के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली की लाइन से टकराने से करंट लग गया। जिससे उसका चेहरा, पीठ व दाहिना पैर बुरी तरह से झुलस गया। उसकी यह हालत देख अन्य सहकर्मियों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उपचार के बाद कुछ राहत मिलने पर बीते रोज घायल द्वारा सिरोल थाने में घटना की शिकायत की गई, जहां पुलिस द्वारा मकान मालिक को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# शहर के विभिन्न स्थानों पर आग लगी, निगम फायर अमले ने बुझाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आग लगने की सूचना निगम के फायर अमले को प्राप्त हुई। जिस पर निगम के फायर अमले ने तत्काल कार्यवाही कर आग को बुझाया गया।

उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ागांव खुरई में खेतों में आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाई गई। इसके साथ ही 86बी रामानुज नगर तीसरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में आग लगी थी। जिसे फायर ब्रिगेड द्वारा समय पर पहुंच कर बुझाया गया। बगल के खाली प्लॉट में पड़े कचरा एवं पेड़ों में आग लगने के कारण स्टोर रूम में आग लगी।




फायर ब्रिगेड द्वारा स्टोर रूम में रखा सभी सामान एवं घर सुरक्षित बचाया गया। आग से केवल एक गद्दा एवं एक तस्वीर जाली। बाकी सब सुरक्षित बचाया गया।

साथ ही गिरवाई नाके के आगे गोकुलपुरा के पीछे शंभूपुरा में आग लगी हुई थी कुछ आग पहाड़ों से घर की साइड आ रही थी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए। आग को बुझाकर घरों को सुरक्षित किया गया। साथ ही विनय नगर तोमर कोटी के पास प्लॉट में आग लगी है और आग घरों में लग सकती है। फायर ब्रिगेड के आनंद नगर सब फायर स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा आग को समय पर बुझाकर घरों को बचाया गया। बड़ागाँव ऊधमपुरा पर खेतों मैं आग लगी है। फायर ब्रिगेड द्वारा आग को बुझाकर जान माल की हानी होने से बचाया गया। इसके साथ ही किडीज कॉर्नर स्कूल के पीछे गौशाला एवं खेत में आग लगने और आग स्कूल की ओर बड़ने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान द्वारा तत्काल वाहन रवाना कराया गया। फायर वाहन द्वारा आग को बुझाकर नुकसान होने एवं गौशला के पशुओं को सुरक्षित बचाया गया। साथ ही कैंसर पहाड़िया पर कैंसर हॉस्पिटल के पास आग की सूचना पर फायर वाहन रवाना कर आग बुझाई गई। न्यू रजिस्ट्रार ऑफिस के पीछे, ओहदपुर, पर जंगल में आग लगने की सूचना पर फायर वाहन रवाना कर आग को बुझाने की कार्यवाही की गई।

# भारतीय योग संस्थान का 59 वें स्थापना दिवस 27 को

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** भारतीय योग संस्थान अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर 27 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें योग सत्र, स्वास्थ्य विषयक व्याख्यान तथा योग जीवनशैली पर परिचर्चा शामिल हैं।

उक्त जानकारी आज गुरूवार को पत्रकारों को देते हुये भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार,प्रांतीय सलाहकार इंजी एसके गुप्ता एवं कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान के संचालक डा बीआर श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में 1000 से अधिक योग संस्थान के साधक एमएल बी



कॉलेज मैदान पर प्रात: 5:30 से 7:30 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सत्र में संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज स्वयं साधकों के साथ अभ्यास करेंगे। साथ ही साधना सुधार और जिज्ञासा समाधान पर संवाद करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 350 विशिष्ट कार्यकर्ता सुबह 9:00 से 12:00 बजे तक शीतला सहाय सभागार, कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान में कार्यकर्ता निर्माण शिविर में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान देसराज योग के उद्भव, विकास और भारतीय योग संस्थान के बारे में जानकारी देंगे। वहीं वह योग का उदभव एवं विकास पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वहीं उक्त कार्यक्रम में संचालक कैसर हास्पीटल डा बीआर श्रीवास्तव कैंसर में योग की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

योग संस्थान के पदाधिकारी महेश अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि योग संस्थान की स्थापना 10 अप्रैल 1967 में स्थापना हुई थी। संस्थान का उद्देश्य योग के माध्यम से सम्पूर्ण समाज में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास को बढ़ावा देना है। यह संस्था आज 4200 से अधिक नि:शुल्क योग साधना केंद्रों का संचालन कर रही है और लाखों लोगों को योगमय जीवन की ओर प्रेरित कर रही है।

यह संपूर्ण भारत में नि:शुल्क योग शिक्षा प्रदान करता है । पत्रकार वार्ता में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य बीना कुशवाह, प्रांतीय मंत्री बालकिशन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# 10 श्वान की नसबंदी की गई एवं 17 श्वान का वैक्सीनेशन किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** नगर निगम ग्वालियर का आवारा श्वान पकड़ने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगातार आवारा श्वान पकडकर एबीसी सेंटर भिजवाये जा रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन एआरव्ही कैम्प लगाकर बडी संख्या में श्वान का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

सहायक नोडल अधिकारी एबीसी प्रोजेक्ट ौरव परिहार ने बताया नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी एबीसी प्रोजेक्ट श्री केशव सिंह चौहान के निर्देशन में निगम के मदाखलत अमले एवं एबीसी सेंटर के वाहन द्वारा लगातार आवारा श्वान पकडने की कार्यवाही की जा रही है तथा विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प आयोजित कर उनका वैक्सीनेशन भी किया जा रहा है। जिसके तहत आज 23 श्वान पकडे गए, 10 श्वान की नसबंदी की गई तथा 17 श्वान का वैक्सीनेशन किया गया। इसके साथ ही संस्था द्वारा 17 श्वान छोडे गए एवं 3 श्वान निगम द्वारा छोडे गए।

# ट्रेड लायसेंस का सात दिवस में नवीनीकरण कराना अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अप्रैल.** नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न सम्पत्ति स्वामियों द्वारा अपनी संपत्तियों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है जिनका ट्रेड लायसेंस नगर निगम ग्वालियर द्वारा जारी किया गया था जिसकी अवधि (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) थी। वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से जारी ट्रेड लायसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

नोडल अधिकारी राजस्व श्री अनूप लिटोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के राजस्व अमले द्वारा निरंतर ट्रेड लायसेंस का नवीनीकरण किया जा रहा है। ट्रेड लायसेंस की अवधि वित्तीय वर्ष (01 अप्रैल से 31 मार्च तक) निर्धारित है, अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-2025 समाप्ति उपरांत संबंधित व्यावसायिक व्यक्ति,फर्म, सोसायटी को ट्रेड लायसेंस नियमानुसार वर्ष 2025-2026 में नवीनीकरण कराना होता है। जिन्होंने नगर निगम ग्वालियर से व्यवसाय करने हेतु आज दिनांक तक ट्रेड लायसेंस नवीनीकरण नही कराया गया है। आपका उक्त कृत्य शासन एवं नगर निगम ग्वालियर द्वारा ट्रेड लायसेंस बनवाने हेतु जारी किये गये निर्देश, आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

निगम द्वारा व्यावसायिक व्यक्ति,फर्म, सोसायटी की सुविधा की दृष्टि से ट्रेड लायसेंस के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालयो पर वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर ट्रेड लायसेंस नवीनीकरण का अवसर दिया जा रहा है। सभी व्यवसायी 07 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय पर सम्पर्क कर ट्रेड लायसेंस शुल्क जमा कर नगर निगम ग्वालियर से अपना ट्रेड लायसेंस नवीनीकरण कराना सुनिश्चित करें। अपालन की स्थिति में आपके विरुद्ध नगर पालिक अधिनियम 1956 के प्रावधानों अंतर्गत जुर्माना एवं कुर्क, सील बंद की कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

साथ ही निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने ट्रेड लायसेंस के संबंध में समस्त राजस्व करसंग्रहकों को आदेशित किया जाता है कि आपके कार्य क्षेत्रान्तर्गत आने वाली ऐसी संपत्तियां एवं व्यावसायिक गतिविधियों के ट्रेड लायसेंस जारी किये गये थे। जिनका वित्तीय वर्ष 2025-26 में शत-प्रतिशत ट्रेड लायसेंस नवीनीकरण किया जाना है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95